# 9वीं ब्रिक्स विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रियों की बैठक

## प्रिलिम्स के लिये:

ब्रिक्स समूह, ब्रिक्स नवाचार सहयोग कार्ययोजना

## मेन्स के लिये:

ब्रिक्स देशों के बीच विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में भारत के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री ने 9वीं 'ब्रिक्स विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी' मंत्रियों की बैठक की अध्यक्षता की।

- इससे पूर्व प्रधानमंत्री ने ब्रिक्स के वार्षिक शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता की जो वर्चुअल माध्यम से आयोजित की गई थी।
- 'ब्रिक्स' सहयोग में वर्ष 2021 एक महत्त्वपूर्ण ऐतिहासिक वर्ष है, क्योंकि इस वर्ष समूह ने अपने 15 वर्ष पूरे कर लिये हैं।

## प्रमुख बिंदु

- **भाषा संबंधी मुख्य विशेषताएँ:**
  - ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स: सदस्य देशों को 'ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स' में ब्रिक्स (ब्राज़ील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) के लिये एक उचित स्थान प्राप्त करने की दिशा में काम करना चाहिये।
    - इसे विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार (STI) के क्षेत्र में सहयोग को और मज़बूत करके हासिल किया जा सकता है।
    - **ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स, 2021 में ब्रिक्स रैंकिंग:** भारत (46), चीन (12), रूस (45), ब्राज़ील (57) और दक्षिण अफ्रीका (61)।
  - **सहयोग:** ब्रिक्स देशों को एक साथ मिलकर लागत प्रभावी, किफायती, सुलभ, सतत् और स्केलेबल वैज्ञानिक समाधानों पर नवाचार करना चाहिये, क्योंकि सभी देश एक ही प्रकार की विशिष्ट चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।
- **ब्रिक्स नवाचार सहयोग कार्ययोजना (2021-24)**
  - **परिचय**
    - ब्रिक्स सदस्य देशों ने समूह की 'विज्ञान और प्रौद्योगिकी संचालन समिति' की 12वीं बैठक के दौरान भारत द्वारा प्रस्तावित विज्ञान, प्रौद्योगिकी व नवाचार (STI) के नेतृत्व वाली 'ब्रिक्स नवाचार सहयोग कार्ययोजना' (2021-24) पर सहमति व्यक्त की है।
    - यह एक-दूसरे के नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र के अनुभवों को साझा करने और नवप्रवर्तकों तथा उद्यमियों को नेटवर्किंग की सुविधा प्रदान करेगा।
  - **विषयगत क्षेत्रों में शामिल हैं:**
    - ट्रांसिएंट एस्ट्रोनॉमिकल इवेंट्स एंड डीप सर्वे साइंस, एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस (AMR), बिग डेटा एनालिटिक्स, इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप ऑन फोटोनिक, नैनोफोटोनिक्स और मेटामैटेरियल्स फॉर एड्रेसिंग बायोमेडिसिन, एग्रीकल्चर, फूड इंडस्ट्री, एनर्जी हार्वेस्टिंग इश्यूज़ आदि।
  - योजना के अनुसार ब्रिक्स मंत्रियों और उनके प्रतिनिधियों ने 2020-2021 गतिविधियों के लिये ब्रिक्स विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार कैलेंडर का समर्थन किया।

## ब्रिक्स:

- ब्रिक्स दुनिया की पाँच अग्रणी उभरती अर्थव्यवस्थाओं- ब्राज़ील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के समूह के लिये एक संक्षिप्त शब्द (Abbreviation) है।
  - BRICS की चर्चा वर्ष 2001 में Goldman Sachs के अर्थशास्त्री जिम ओ' नील द्वारा ब्राज़ील, रूस, भारत और चीन की

अर्थव्यवस्थाओं के लिये विकास की संभावनाओं पर एक रिपोर्ट में की गई थी।
    - वर्ष 2006 में चार देशों ने संयुक्त राष्ट्र महासभा की सामान्य बहस के अंत में विदेश मंत्रियों की वार्षिक बैठक के साथ एक नियमित अनौपचारिक राजनयिक समन्वय शुरू किया।
    - दिसंबर 2010 में दक्षिण अफ्रीका को BRIC में शामिल होने के लिये आमंत्रित किया गया और इसे BRICS कहा जाने लगा।
- ब्रिक्स विश्व के पाँच सबसे बड़े विकासशील देशों को एक साथ लाता है, जो वैश्विक आबादी का 41%, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का 24% और वैश्विक व्यापार के 16% का प्रतिनिधित्व करता है।
- ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता प्रतिवर्ष B-R-I-C-S के क्रमानुसार सदस्य देशों के सर्वोच्च नेता द्वारा की जाती है।
    - भारत वर्ष 2021 के सम्मेलन का अध्यक्ष है।
- वर्ष 2014 में ब्राज़ील के फोर्टालेजा में छठे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान BRICS नेताओं ने न्यू डेवलपमेंट बैंक (NDB) की स्थापना के लिये समझौते पर हस्ताक्षर किये। उन्होंने सदस्यों को अल्पकालिक लिक्विडिटी सहायता प्रदान करने हेतु ब्रिक्स आकस्मिक रिज़र्व व्यवस्था (BRICS Contingent Reserve Arrangement) पर भी हस्ताक्षर किये।




**स्रोत: पीआईबी**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/9th-brics-science-technology-ministers-meeting